# अनुप्रयुक्त कला - वाणिज्यिक कला –कोड 052
## प्रतिदर्श प्रश्न पत्र*
## कक्षा -XII (2025-26 )

**समय – 2 घंटे** **अधिकतम अंक – 30**

**सामान्य अनुदेश**

- निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, जिनमें आंतरिक विकल्प शामिल हैं।
- **खंड-क** में 8 प्रश्न बहुविकल्पीय हैं, जिनमें प्रत्येक 1 अंक का है।
- **खंड-ख** में 5 प्रश्न छोटे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 2 अंक का है। (उत्तर लगभग 100 शब्दों में)
- **खंड-ग** में 3 प्रश्न लंबे उत्तर वाले हैं, जिनमें प्रत्येक 6 अंक का है। (उत्तर लगभग 200 शब्दों में)

| क्रम सं. | खंड- क | अंक |
|---|---|---|
| | **दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:** | |
| 1. | उस ग्राफिक प्रिंट को पहचानें जिसमें महिला की शक्ति को एक सृष्टिकर्ता और कुंडलिनी योग के रूप में दर्शाया गया है।<br>1. पुरुष, महिला और वृक्ष<br>2. देवी<br>3. दीवारों से सरोकार<br>4. व्हर्लपूल | 1 |
| 2. | अमृता शेरगिल द्वारा बनाई गई इस आधुनिक दौर की पेंटिंग का उल्लेख करें जहां हम देख सकते हैं कि समाज में महिलाओं को बहुत कम अवसर दिए गए थे जिन्हें दैनिक जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए पूरे दिन कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी।<br>1. मारु रागिनी<br>2. चांद बीबी पोलो खेलते हुए<br>3. मां और बच्चा<br>4. हल्दी पीसने वाली | 1 |
| 3. | कथन (A) (ए) पक्षी की आंख में तीक्ष्णता को चित्र में कुशलतापूर्वक कैद किया गया है, जिसे 'पक्षी-विश्राम पर बाज' पेटिंग में जहांगीर नामा श्रृंखला में संकलित किया गया है।<br>कारण (R) (आर) चित्र के चारों ओर एक काला हाशिया है जिसमें सभी चार किनारों पर जटिल सुनहरे रूपांकन (मोटिफ्स) हैं।<br>1. A(ए) और R(आर) दोनों सत्य हैं और R(आर) A(ए) की सही व्याख्या है।<br>2. A(ए) और R (आर) दोनों सत्य हैं लेकिन R(आर) A(ए) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | 3. A(ए) सत्य है लेकिन R(आर) असत्य है।<br>4. A(ए) असत्य है लेकिन R(आर) सत्य है। | |
| 4. | राष्ट्रीय आधुनिक कला गैलरी के मुख्य द्वार के पास स्थापित की गई प्रोटोटाइप मूर्तिकला में उत्कृष्ट नक्काशीदार शारीरिक रचना के साथ मानव आकृतियों का एक समूह दिखाया गया है, जो एक कठिन गतिविधि में शामिल हैं।<br>1. संथाल परिवार<br>2. श्रम की विजय<br>3. अनसुनी पुकार<br>4. दीवारों से सरोकार | 1 |
| 5. | मेघदूत पेंटिंग में बहते बादलों के बीच बैठे एक पुरुष और महिला को उड़ते पक्षियों और रहस्यमय वातावरण को दर्शाया गया है, जिसमें बादलों को संदेशवाहक के रूप में दर्शाया गया है, वे किस चित्रकला शैली से संबंधित हैं?<br>1. पहाड़ी चित्रकला शैली<br>2. बंगाल चित्रकला शैली<br>3. मुग़ल चित्रकला शैली<br>4. दक्कन चित्रकला शैली | 1 |
| 6. | मूर्तिकला 'अनसुनी पुकार' का निर्माण किस मूर्तिकार द्वारा किया गया है?<br>1. बिरन दे<br>2. ए जी राव<br>3. अमरनाथ सहगल<br>4. ज्योति भट्ट | 1 |
| 7. | कथन (A)(ए) जामिनी रॉय द्वारा बनाई गई पेंटिंग उनके सरल आकृतियों और लोक शैली के प्रति प्रेम को दर्शाती हैं।<br>कारण (R) (आर) इस शैली को प्राप्त करने के लिए आपके पाठ्यक्रम की पेंटिंग 'मदर विथ चाइल्ड' कैनवस माध्यम पर तेलीय रगों से बनाई गई है।<br>1. A(ए) और R(आर) दोनों सत्य हैं और R(आर) A(ए) की सही व्याख्या है।<br>2. A(ए) और R दोनों सत्य हैं लेकिन R(आर) A(ए) की सही व्याख्या नहीं है।<br>3. A(ए) सत्य है लेकिन R(आर) असत्य है।<br>4. A(ए) असत्य है लेकिन R(आर) सत्य है। | 1 |
| 8. | उस विकल्प को पहचानें जो की लघु चित्रकला की पहाड़ी चित्रकला शैली का हिस्सा नहीं है।<br>1. कांगड़ा उप-चित्रकला शैली<br>2. चंबा उप-चित्रकला शैली<br>3. किशनगढ़ उप-चित्रकला शैली<br>4. गूलर उप-चित्रकला शैली | 1 |


| | खंड-ख | |
|---|---|---|
| 9. | (क) मूर्तिकार ने इस विशिष्ट मूर्ति शिल्प को बनाने के लिए ऑक्सिडाइज्ड तांबे, टिन और तारों को एकत्र करके देवता जो विघ्नेश्वर/गणपति के रूप में पूजे जाते हैं, की प्रतिमा के निर्माण के लिए एक नवीनतम दृष्टिकोण अनपाया है।<br>i. शीर्षक और कलाकार का नाम लिखे।<br>ii. मूर्ति की मुद्रा एवं भाव-भंगिमा के रचनात्मक प्रदर्शन का वर्णन करें।<br>**अथवा**<br>(ख) प्रसिद्ध कलाकार राजा रवि वर्मा द्वारा उपयोग की गई तकनीक ने कला को जनसाधारण तक पहुंचने योग्य और प्रशंसनीय बना दिया है, उनके द्वारा अपनाई गई यथार्थवादी शैली ने पौराणिक विषयों की अभिव्यक्ति को नया आयाम दिया है।<br>i. पेंटिंग की पहचान करें और इसके माध्यम और तकनीक का वर्णन करें।<br>ii. इस कलाकृति के विषय का उल्लेख करते हुए रचनात्मक विन्यास का वर्णन करें। | 2 |
| 10. | (क) यह समकालीन पेंटिंग एक सार्वभौमिक मातृ छवि और समाज सुधारक को चित्रित करती है जो बेघर और पीड़ित लोगों की आवश्यकताओं के प्रति करुणामयी है, और मातृ अनंत प्रेम, देखभाल, सौहार्द और उपचारात्मक स्पर्श का सार प्रस्तुत करती है।<br>i. पेंटिंग का शीर्षक और कलाकार का नाम पहचानें।<br>ii. इस पेंटिंग में किस प्रकार माता की संवेदनात्मक देखभाल, प्रेम और परवाह की मिसाल दी गई, समझाइए।<br>अथवा<br>(ख) यह ग्राफिक प्रिंट पुरुष प्रधान समाज में असमान अधिकारों और पूर्वाग्रहों के परिणामस्वरूप महिलाओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों को उजागर करता है। यह प्रिंट महिलाओं की विवशता और कमजोरी को दर्शाता है जिसमें महिलाओं को कष्ट झेलने के लिए अकेले छोड़ दिया जाता है।<br>i. इस ग्राफिक प्रिंट का नाम और इसके निर्माता का नाम पहचानें।<br>ii. कलाकृति के माध्यम और तकनीक का उल्लेख करते हुए इसके रचनात्मक विन्यास का वर्णन करें। | 2 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 11. | (क) अमीर हो या गरीब, भौगोलिक सीमाओं से परे हर समाज और संस्कृति में, परिवार का सर्वोच्च महत्व होता है। आसानी से उपलब्ध सामग्रियों का उपयोग करके, इस मजबूत बंधन को आधुनिक मूर्तिकला में चित्रित किया जाता है जो एक बेहतर जीवन की तलाश में आदिवासी परिवार के प्रवास को चित्रित करती है।<br>i. मूर्तिकला का नाम और प्रयोग किए गए माध्यम का उल्लेख करें।<br>ii. जीवनयात्रा में अपने आश्रित परिवार के साथ चलते समय चित्रित भावनाओं और क्रियाकलापों की व्याख्या करते हुए इस मूर्तिकला का वर्णन करें।<br>अथवा<br>(ख) भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हर भारतीय की पहचान और गर्व का प्रतीक है, यह हमें संयुक्त करता है और एक बेहतर नागरिक बनने के लिए प्रेरित करता है जो राष्ट्र की सेवा के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं।<br>i. हमारे भारतीय राष्ट्रीय ध्वज का वर्णन करें और इसके रंगों के महत्व को समझाइए।<br>ii. दो अवसरों का उल्लेख करें जब भारतीय राष्ट्रीय ध्वज को आधिकारिक तौर पर दिल्ली में भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री द्वारा ऐतिहासिक स्थलों पर फहराया जाता है। आपके अनुसार, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रीय गान के बीच क्या संबंध है? | 2 |
| 12. | (क) शाहजहां के शासनकाल में, एक कलाकार ने इस प्रेरणादायक लघुचित्र को बनाया, जिसमे उन विद्वानों के प्रति आदर का भाव दर्शाया गया है जिन्होंने साधारण जीवन और काम की गरिमा के उदाहरणों से आम लोगों को प्रेरित और मार्गदर्शन किया है I<br>i. पेंटिंग का नाम और कलाकार का उल्लेख करें।<br>ii. मुगलकालीन लघु चित्रकला शैली के दौरान बनाई गई अन्य पेंटिंग्स से इस पेंटिंग का विषय कैसे भिन्न है, समझाइए।<br>अथवा<br>(ख) मुगलकालीन चित्रकला शैली की इस पेंटिंग में बारिश और तूफान के कठिन समय में मानव और अन्य जीवित प्राणियों के रक्षक के रूप में भगवान की शक्ति को प्रभावी ढंग से वर्णित किया गया है।<br>i. पेंटिंग का नाम, इसके कलाकार और माध्यम तथा जिस शासक के प्रभाव में इसे बनाया गया था, का उल्लेख करें।<br>ii. आम लोग सर्वोच्च शक्ति के प्रति अपना आभार कैसे प्रकट कर रहे हैं, समझाइए। | 2 |
| 13. | (क) राजस्थानी चित्रकला शैली की पेंटिंग में राजा और रानी के बीच गहरे प्रेम को नायक और नायिका के रूप में दिखाया गया है, जो वफादार सेवकों के साथ वाह्य वातातरण में घूम रहे हैं।<br>i. पेंटिंग का शीर्षक और प्रमुख भावनाओं की पहचान करें। | 2 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | ii. इस पेंटिंग के विषय वस्तु का संक्षेप में वर्णन करें।<br>अथवा<br>(ख) इस कलाकृति में कलाकार एक दृश्य को चित्रित करता है जहां एक शिष्य अपने गुरु के सामने ज्ञान और बुद्धिमत्ता की तलाश में बैठा है। वे एक शांतिपूर्ण वातावरण में एक साथ बैठे हैं।<br>i. पेंटिंग का नाम और इसके उप-चित्रकला शैली पहचान करें।<br>ii. पेंटिंग की संरचना विन्यास का संक्षेप में वर्णन करें। | |
| | **खंड-ग** | |
| | **दिए गए विकल्पों में से <u>कोई दो</u> प्रश्न हल करें** | |
| 14. | पहाड़ी लघुचित्र अपनी चित्रण शैली में अद्वितीय होते हैं, जहां भगवान कृष्ण को लघुचित्र की केंद्रीय आकृति के रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जहां उन्हें उनके चारों ओर गोपियों के समूह से घिरे हुए चित्रित किया जाता है, प्रत्येक गोपी उनके प्रति अनोखे भाव से अपनी भक्ति को प्रदर्शित करती है।<br>i. पहाड़ी लघुचित्रों की विशेषताओं और उनकी चित्रण शैली पर प्रकाश डालें।<br>ii. उपर्युक्त कथन में उल्लेखित पेंटिंग का शीर्षक, इसके उप-चित्रकला शैली, कलाकार और माध्यम का उल्लेख करें।<br>iii. शक्तिशाली संरचना विन्यास के उपयोग से कलाकार कैसे दिव्यता और प्रेम का भावनात्मक वातावरण उत्पन्न करने में सफल रहा है, समझाइए। | 6 |
| 15. | एक हृदय विदारक दृश्य पेंटिंग में दर्शाया जाता है, जहां एक जानवर अत्यधिक वजन के कारण संघर्ष करता है और मरने वाला होता है। यह पेंटिंग प्रतीकात्मक रूप से मालिक की करुणा की कमी को उजागर करती है।<br>i. कलाकार का नाम, पेंटिंग का शीर्षक, माध्यम और तकनीक का उल्लेख करें।<br>ii. पेंटिंग की रंग योजना कलाकार द्वारा व्यक्त की जाने वाली भावना को कैसे दर्शाती है, समझाइए?<br>iii. यह कलाकृति आपको क्या महसूस कराती है और क्यों? | 6 |
| 16. | नीचे दी गई पेंटिंग का सावधानीपूर्वक निरीक्षण करें और उसका वर्णन करें।<br>i. शीर्षक, कलाकार का नाम, माध्यम और तकनीक का उल्लेख करें।<br>ii. इसकी संरचना विन्यास का महत्व बताएं।<br>iii. चित्रित की गई आदर्शात्मक अभिव्यक्तियों और भावनाओं को उजागर करते हुए उत्तर लिखें। | 6 |



*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।